# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 11.10.2019

महाप्रबंधक, आरेडिका विनय मोहन श्रीवास्तव ने दिनांक 11.10.2019 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के मुख्य प्रसाशनिक भवन कैंटीन का निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ कैंटीन की भोजन भी ग्रहण किया । आरेडिका प्रसाशनिक भवन कैंटीन में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। कैंटीन में बनने वाले भोजन के लिए उपयोग किये जा रही खाद्य–पदार्थों की गुणवत्ता को भी देखा। इस दौरान उन्होंने साफ–सफाई का गहण निरीक्षण किया एवं वहॉ उपलब्ध संसाधनों को देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। कर्मचारियों के लिए कैंटिन में और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये इस विषय में संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श किया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने कैंटिन में भोजन कर रहे कर्मचारियों व अन्य लोगों से खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

इस निरीक्षण के दौरान पीसीपीओ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अमित 11.10.19

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी